# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र ( मार्च 2025-26)

**CLASS : 10th(Secondary)   Code NO.001**

**Series : Sec/Annual -2026**

**रोल न.** | | | | | | | | | | |

**SAT - A**

## हिन्दी

(Academic / Open)

(Only for Fresh /Re-appear / Improvement / Additional Candidates)

**समय : 3 घंटे ]** **[ पूर्णांक : 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 6 तथा 13 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोडनं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहलेप्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोडें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

*सामान्य निर्देश:*

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित निर्देश दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न के उपभागों को यथासंभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।

(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

# खंड - क

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :- = 15अंक**

(क) नीलकंठ में समास का भेद बताइए ।

(i).अव्ययीभाव समास (ii). द्विगु समास (iii).द्वन्द्व समास(iv) बहुव्रीहि समास **1अंक**

(ख) पुस्तकालय (सन्धिकाभेद बताइए )

(i).वृद्धि संधि (ii).दीर्घसंधि (iii).यण संधि (iv)अयादि संधि **1अंक**

(ग़) पर्यायवाची शब्द बताइए: दिवस

(i).रात (ii).अवनि (iii) दिन (iv).भोर **1अंक**

(घ) विलोम शब्द छांटिये : अमृत

(i).मृदुल (ii).विष (iii).मीठा (iv,).मृदु **1अंक**

(ड़) उपसर्ग बताइए: अत्याचार

(i).अती (ii).अति (iii).धिक (iv).इक **1अंक**

(च)प्रत्यय बताइए : सामाजिक

(i).समाज (ii).सामाज (iii,).इक (iv) .ईक **1अंक**

(छ) मुहावरे का अर्थ बताइए : चिकना घड़ा

(i).निर्लज व्यक्ति (ii).बहुत सुंदर (iii) फिसलने वाला .(iv)आसानी से मिलने वाला **1अंक**

**प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के यथा निर्दिष्ट उत्तर दीजिए:**

(क) चौपाई छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। **2 अंक**

(ख) शब्द व पद में अंतर बताइए। **2 अंक**

(ग) उपमा अलंकार की परिभाषा सोदाहरण दीजिए **2 अंक**

**(घ)** अविकारी शब्द किसे कहते हैं उदाहरण सहित लिखिए। **2 अंक**

**प्रश्न 3 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : 5 अंक**

क)ऑनलाइन खरीदारी व्यापार का बदलता स्वरूप

ख)हरियाणवी युवाओं में बढ़ती विदेश जाने की प्रवृत्ति

ग)आत्मनिर्भर भारत

घ)आदर्श विद्यार्थी के गुण

ड़)नैतिक पतन देश का पतन

**प्रश्न 4.विद्यालय त्याग का प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए मुख्याध्यापक को पत्र लिखें। 5 अंक**

अथवा

**व्यायाम का महत्व बताने के लिए छोटे भाई को पत्र लिखें।**

# खंड –ख

**प्रश्न 5. क्षितिज (काव्य खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। 1x 6=6 अंक**

क. सच्चा राज धर्म किसे सुखी रखना है?

i. राजा ii. राम iii. प्रजा iv. गोपियां

ख. 'राम-लक्ष्मण परशुराम संवाद'काव्यांशरामचरितमानस के कौन से कांड से लिया गया है ?

i. बालकांड ii. अयोध्याकांड iii.सुंदरकांड iv. उत्तरकांड

ग. बच्चों के शरीर के स्पर्श मात्र से कौन से फूल झड़ने लगे ?

i. गुलाब ii. शेफालिका iii. गुलमोहर iv. गेंदा

घ. बादल के हृदय में किस प्रकार की शोभा छिपी हुई है ?

i. बूंद की ii. बिजली iii. गर्मी iv. सावन

ड़. फसल किस के स्पर्श की महिमा है ?

i. हाथों की ii. पानी की iii. हवा की iv. मिट्टी की

च. संगतकार मुख्य गायक को याद दिलाता है ?

i. बचपन ii. जवानी iii. बुढ़ापा iv. उपरोक्त सभी

**प्रश्न 6 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1x 5=5 अंक**

**हमारैं हरि हारिल की लकरी।**
**मन क्रम बचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।**
**जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जकरी।**
**सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी।**
**सु तौ ब्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।**
**यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौंपौ, जिनके मन चकरी ।।**

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।
(ii) इस पद का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।
(iii) गोपियाँको योग कैसा लग रहा था?
(iv) उत्प्रेक्षा अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।
(v) "चकरी" का क्या अर्थ है?

**प्रश्न 7. निम्नलिखित काव्यांश का भाव व काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए - 3 अंक**

मातु पितहि जनि सोचबस करसि महीस किसोर।
गर्भन्ह के अर्भक दलन परसु मोर अतिघोर।।

**प्रश्न 8. (क) आत्मकथ्य कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए। 3+3= 6 अंक**

**(ख) गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए?**

## खण्ड-ग

**प्रश्न 9. क्षितिज (गद्य -खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचितउत्तर पुस्तिका में लिखिए। 1x 6= अंक**

**(क)** "महत्व मूर्ति के रंग रुपया कद का नहीं उसभावना का है वरना तो देश भक्ति भी आजकल मजाक की चीज होती जा रही है "।यह कथन किसका है?

i. पानवाले ii. कैप्टन iii. ड्राइवर iv. हालदर साहब का

**(ख)** बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ कब शुरू होती थीं?

i. कार्तिक ii. आषाढ़ iii. अश्विन iv. फागुन

(ग). बालगोबिन कैसी टोपी पहनते थे ?

i. लंबी ii. पतली iii. कनफटी iv. सामान्य

(घ) मन्नू भंडारी का जन्म मध्य प्रदेश के कौन से गांव में हुआ?

i. मायापुरी ii. प्रेम नगर iii. ब्रह्मपुरी iv. भानपुरा

(ड़) नरकट नमक घास से क्या बनाया जाता था?

i. तबला ii. शहनाई iii. गिटार iv. सितार ऑन

(च).संसार में मजदूरों को सुखी देखने का स्वप्न किसने देखा?

i.लेनिन ii. मार्क्स iii. सिद्धार्थ iv. गांधी

**प्रश्न 10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1x 5=5 अंक**

भादो की वह अंधेरी अधरतिया अभी थोड़ी ही देर पहले मूसलधार वर्षा खत्म हुई। बादलों की गरज, बिजली की तड़प में आपने कुछ नहीं सुना हो, किंतु अब झिल्ली की झंकार या दादुरों की टर्र- टर्र बालगोबिन भगत के संगीत को अपने कोलाहल में डुबो नहीं सकतीं । उनकी खजड़ी डिमक-डिमक बज रही है और वे गा रहे हैं- "गोदी में पियवा, चमक उठे सखिया, चिहुँक उठे ना।" हाँ, पिया तो गोद में ही है, किंतु वह समझती है, वह अकेली है, चमक उठती है, चिहुँक उठती है। उसी भरे बादलों वाले भादो की आधीरात में उनका यह गाना अँधेरे में अकस्मात कौंध उठने वाली बिजली की तरह किसे न चौंका देता ? अरे, अब सारा संसार निस्तब्धता में सोया है, बालगोबिन भगत का संगीत जाग रहा है, जगा रहा है ! तेरी गठरी में लागा चोर, मुसाफ़िर जाग जरा !

प्रश्न-(क) पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ख) कौन से महीने की अंधेरी रात थी ?

(ग) अंधेरी रात में झंकार किसकी थी ?

(घ) अंधेरी रात में बिजली की तरह क्या चौक देता है ?

(ङ) बालगोबिन भगत के गीत के क्या बोल थे ?

प्रश्न 11. **स्वयं प्रकाश** अथवा **यतींद्र मिश्र** का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं, साहित्यक विशेषताओं एवं भाषा शैली पर प्रकाश डालिए। **5 अंक**

**प्रश्न 12 (क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर "वह लंगड़ा क्या जाएगा फौज में पागल है पागल।" कैप्टन के प्रति पान वाले की इस टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया लिखिए। 2+2=4 अंक**

**(ख) एक कहानी यह भी आत्मकथा के आधार पर स्वाधीनता आंदोलन के परिदृश्य का चित्रण करते हुए उसमें मन्नू जी की भूमिका को रेखांकित कीजिए**

## खंड -घ

**प्रश्न 13. कृतिका भाग-2 के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 3+2+2=7 अंक**

(क) माता का आंचल पाठ का मूल भाव स्पष्ट कीजिए। **3 अंक**

अथवा

"साना साना हाथ जोड़ि" यात्रा वृतांत में गंतोक को मेहनतकश बादशाहों का शहर क्यों कहा गया ?

(ख) "साना साना हाथ जोड़ि 'यात्रा वृतांत में लेखिका ने हिमालय के जिन-जिन रूपों का चित्र खींचा उन्हें अपने शब्दों में लिखिए? 2अंक

(ग) 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर बताइए लेखक को कौन सी बातें लिखने के लिए प्रेरित करती हैं।2 अंक

## खण्ड-ङ

**प्रश्न 14. आदर्श जीवन मूल्य मध्यमा (पाठ्य-पुस्तक) के आधार पर निम्नलिखित मे से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपनी उतर पुस्तिका में लिखिए। 2x 4=8 अंक**

(क )**वर्तमान भारतीय समाज में नारी का क्या स्थान है**

**(ख) ज्ञान को कैसे प्राप्त किया जा सकता है**

**(ग) उत्साह पूर्वक जीवन जीने से क्या लाभ मिलता है**

**(घ) गीता के अनुसार कर्म की सफलता के लिए कौन से तत्व सहयोग करते हैं?**